मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल
"चयन भवन" मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल – 462011
दूरभाष नं. 0755–2578801 से 04, फैक्स नं. 0755–2550498
ई–मेल : vyapam@mp.nic.in वेबसाईट : www.vyapam.nic.in

Pre-Nursing Selection Test (PNST) - 2011
&
General Nursing Selection Test (GNTST) - 2011

• Starting Date of Online Submission		28.04.2011
• Last date of Online Submission		14.05.2011
• Date of Test		29.05.2011
• Test Fee	For GNTST	SC/ST - 250/- UR/OBC - 500/-
	For PNST	SC/ST - 250/- UR/OBC - 500/-
	For Both (GNTST & PNST)	SC/ST - 500/- UR/OBC - 1000/-
+ 50/- M.P. Online Kiosk Charge		

TIME TABLE

Day and Date of Test	Test Starts	Distribution of Answer Sheet	Time for filling the required entries on the Answer Sheet	Distribution of Question Booklet	Time for Examining the Question Booklet	Time for Marking the Answers on the Answer Sheet
For GNTST Sunday 29.05.2011	9.00 AM	9.00 AM	9.00 AM TO 9.10 AM = 10 Minutes	9.10 AM	9.10 AM TO 9.15 AM = 05 Minutes	9.15 AM TO 12.15 PM = 3 Hrs.
For PNST Sunday 29.05.2011	2.00 PM	2.00 PM	2.00 PM TO 2.10 PM = 10 Minutes	2.10 PM	2.10 PM TO 2.15 PM = 05 Minutes	2.15 PM TO 5.15 PM = 3 Hrs.

NOTE :

- A candidate entering the examination hall after 15 minutes from the commencement of the test shall not be permitted to take the test.
- The candidate must handover the marked OMR answer sheet to the invigilator before leaving the examination hall.
- Use of cellular/mobile phones, calculators, log tables, stray papers etc. is strictly prohibited.

विषय–सूची

		कंडिका	पृष्ठ क्रं.

अध्याय – 1(अ)
पी.एन.एस.टी.–2011 प्रवेश परीक्षा के नियम

–	सामान्य	1.1	4
–	सीटों का आरक्षण	1.2	4
–	प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें	1.3	5
–	शैक्षणिक अर्हता	1.3.2	5
–	चयन प्रक्रिया	1.4	6
–	प्रवेश हेतु एवं काउंसिलिंग	1.5	6
–	प्रशिक्षण के उपरांत 7 वर्ष की अनिवार्य सेवा	1.6	7
–	प्रवेश रद्द करना	1.7	7
–	प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम तथा प्रशिक्षणार्थियों हेतु रिक्त स्थान	परिशिष्ट–अ	8
–	बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु नियम एवं शर्तें	परिशिष्ट–ब	9

अध्याय – 1(ब)
जी.एन.टी.एस.टी.–2011 प्रवेश परीक्षा के नियम

–	सामान्य	1.1	11
–	सीटों का आरक्षण	1.2	11
–	प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें	1.3	12
–	शैक्षणिक अर्हता	1.3.2	13
–	चयन प्रक्रिया	1.4	13
–	प्रवेश हेतु एवं काउंसिलिंग	1.5	14
–	प्रशिक्षण के उपरांत 3 वर्ष की अनिवार्य सेवा	1.6.1	15
–	प्रवेश रद्द करना	1.7	16
–	प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम तथा प्रशिक्षणार्थियों हेतु रिक्त स्थान	परिशिष्ट–अ	16
–	बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु नियम एवं शर्तें	परिशिष्ट–ब	17

अध्याय – 2
निर्देश एवं परीक्षा संचालन नियम

–	ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया	2.2	18
–	फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर से संबंधित निर्देश	2.3	18
–	ऑनलाईन आवेदन–पत्र की स्क्रुटनी	2.4	19
–	परीक्षा प्रवेश पत्र (Test Admit Card)	2.6	20
–	परीक्षा परिणाम का प्रकाशन	2.14	22
–	क्षेत्राधिकार (Jurisdiction)	2.20	23

अध्याय – 3
प्रमाण–पत्रों के प्रारूप 01 से 10 पृष्ठ क्रं. 24 से 32 तक

–

अध्याय – 4
पाठ्यक्रम पृष्ठ क्रं. 33 से 39 तक

अध्याय – 5
परीक्षार्थियों के लिए उत्तरशीट भरने हेतु निर्देश

–	परीक्षा का प्रारंभ एवं ओ.एम.आर. में उत्तर अंकित करने की विधि		40–43

अध्याय – 1(अ)

PNST - 2011

PRE NURSING SELECTION TEST - 2011
(B.Sc. NURSING SELECTION TEST)

FOR GIRLS ONLY

केवल लड़कियों के लिये बी.एससी. नर्सिंग में प्रवेश हेतु

उम्मीदवारों का चयन संबंधी नियम

मध्यप्रदेश शासन

चयन नियम

RULES FOR SELECTION

SELECTION OF CANDIDATES FOR ADMISSION TO B.Sc. NURSING
(4 YEARS COURSE) TO GOVERNMENT NURSING COLLEGE

2011

Made and Issued by

DIRECTORATE OF HEALTH SERVICES
GOVT. OF MADHYA PRADESH, BHOPAL

अध्याय – 1(अ)

पी.एन.एस.टी. – 2011
बी.एससी. नर्सिंग कॉलेजों में प्रशिक्षण हेतु
चयन के लिए नियम – 2011

1.1 सामान्य :

1.1. ये नियम राज्य लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के शासकीय ''बी.एससी. नर्सिंग कॉलेजों में प्रशिक्षण हेतु चयन के नियम'' कहलायेंगे।

1.1.1 ये नियम उन उम्मीदवारों पर लागू होंगे जो मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश लेना चाहते हैं।

1.1.2 परिभाषाएं :
इन नियमों में –

1. श्रेणी से तात्पर्य है 3 श्रेणियों के उम्मीदवार यथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ी जाति जिनके लिये सीटें प्रचलित नियमों के अन्तर्गत आरक्षित की गयी हैं।
2. राज्य शासन से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन।
3. टेस्ट से तात्पर्य Pre. Nursing (BSC Nursing) Selection Test (PNST) प्री नर्सिंग चयन परीक्षा।
4. आयुक्त/संचालक से तात्पर्य है संचालक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संचालक चिकित्सा शिक्षा तथा उप संचालक (नर्सिंग), लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संचालनालय।

1.2 सीटों का आरक्षण :

बी.एससी. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ी जाति (क्रीमीलेयर को छोड़कर) श्रेणियों के लिये क्रमशः प्रवेश क्षमता का 16%, 20% तथा 14% सीटों का आरक्षण किया गया है तथा ऐसी आरक्षित सीटों का ब्यौरा परिशिष्ट –''अ''– में दिया गया है।

टिप्पणी :–

(अ) विभिन्न आरक्षित श्रेणियों में से उम्मीदवार केवल एक ही श्रेणी में आरक्षण का दावा कर सकता है।

(ब) जिस आरक्षित श्रेणी में प्रवेश हेतु दावा किया जा रहा है, उम्मीदवार को उससे संबंधित प्रमाण–पत्र इस परीक्षा की नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। (जी.एन.टी. में उपयोग किये गये प्रारूप की छायाप्रति संलग्न है)

नोट– प्रवेश हेतु नियम पुस्तिका में जहाँ–जहाँ प्रमाण–पत्रों के प्रारूपों का उल्लेख किया गया है, ये सभी प्रारूप नियम पुस्तिका के अंत में (अध्याय–3) देखें।

1.2.1 मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति (एस.सी.) तथा अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) श्रेणी – ऐसा उम्मीदवार जो मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति में या अनुसूचित जनजाति श्रेणी में होने का दावा करता है, उसे प्रवेश के आवंटित केन्द्र में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगे :–

(अ) सक्षम अधिकारी के नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में प्रमाण–पत्र।

(ब) इसी नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में उम्मीदवार अपने पिता का नाम और यदि पिता जीवित न हो तो माता कानाम, यदि माता–पिता दोनों न हो तब वैध अभिभावक का नाम का शपथ–पत्र।

(स) विवाहित लड़की के संबंध में यह शपथ–पत्र उसके पति द्वारा प्रस्तुत किया जाना होगा।

(द) यदि ऐसा शपथ–पत्र किसी भी प्रकार से झूठा या गलत पाया गया तो उम्मीदवार का प्रवेश संबंधी दावा अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं यदि उसमें प्रवेश पा लिया है तो उसे निरस्त कर दिया जावेगा।

1.2.2 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी क्रीमीलेयर को छोड़कर – ऐसा उम्मीदवार जो मध्यप्रदेश की अन्य पिछड़ी जाति क्रीमीलेयर को छोड़कर श्रेणी में होने का दावा करता है उसे प्रवेश के समय सक्षम अधिकारी द्वारा नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

1.3 प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें :–

1.3.1 अधिवासी संबंधी आवश्यकताएँ :–

प्रवेश हेतु चयन के लिये केवल ऐसे उम्मीदवार की पात्रता होगीः–

1. जो भारत का नागरिक हो।

2. (क) मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी हो।

अथवा

(ख) जो निम्नलिखित की पुत्री हो –

1. मध्यप्रदेश शासन के सेवारत अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश शासन की सेवा में होते हुये मृत कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश के संवर्ग में धारित अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी (निर्धारित प्रारूप देखें)।

अथवा

2. केन्द्रीय शासन का ऐसा कर्मचारी जिसमें सशस्त्र सेना के कर्मचारी, भारतीय डाकतार, टेलीफोन तथा रेलवे विभाग के कर्मचारी सम्मिलित है अथवा सार्वजनिक उपक्रम का ऐसा कर्मचारी जो जनवरी 2009 को अथवा उसके पूर्व की तिथि तक मध्यप्रदेश में पदस्थ हो।

3. ऐसा व्यक्ति जो केन्द्रीय शासन अथवा राज्य शासन की किसी योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश में स्थायी रूप से बस गया हो।

टिप्पणी–मध्यप्रदेश का मूल निवासी संबंधी प्रमाण–पत्र प्रपत्र में दिये गये प्रारूप के अनुसार संबंधित जिले के कलेक्टर अथवा कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए।

स्पष्टीकरण :– 1. विकलांग उम्मीदवार के प्रावीण्यता (मैरिट) में आने की स्थिति में विकलांगता के साथ वह उम्मीदवार स्टाफ–नर्स के पद के कर्त्तव्यों को निभा सकेगी अथवा नहीं, ऐसा स्पष्ट मत जिला मेडिकल बोर्ड से लिया जाकर प्रकरण पर विचार किया जावेगा।

1.3.2 शैक्षणिक अर्हता :– इन बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उम्मीदवार माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की 10+2 की प्रणाली की 12वीं कक्षा में भौतिकी, जीवविज्ञान, रसायन शास्त्र एवं अंग्रेजी विषयों को लेकर 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हो।

अथवा

मध्यप्रदेश में संचालित मान्यता प्राप्त केन्द्रीय स्कूल में 10+2 की कक्षा भौतिकी, जीवविज्ञान, रसायन एवं अंग्रेजी विषयों में 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण उम्मीदवारों को उक्त चयन में प्रवेश हेतु पात्रता होगी।

1.3.2.1 अर्हकारी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे अभ्यार्थियों की पात्रता :– प्रवेश परीक्षा में वे छात्राएं भी सम्मिलित हो सकती हैं जो इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की 10+2 पद्धति की 12वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हो रही हैं, किन्तु इन छात्रों को अर्हकारी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश की पात्रता सिद्ध करनी होगी। पूरक (सप्लीमेंट्री) आने पर सीट आवंटित नहीं की जावेगी।

1.3.3 आयु सीमा :– 1 जनवरी 2011 तक उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिये। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं परित्यक्ता तथा विधवाओं के लिये आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

1.3.4 स्पष्टीकरण :– आयु सीमा की गणना करते समय उच्चतर माध्यमिक प्रमाण–पत्र या इसकी अंकसूची में जो जन्मतिथि अंकित होगी उसे ही मान्य किया जावेगा। अन्य दस्तावेजों को प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा।

1.4 चयन प्रक्रियाः–

1.4.1 बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में नर्सिंग के प्रशिक्षण के चयन हेतु म. प्र. व्यवसायिक परीक्षा मंडल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा एक चयन परीक्षा बी.एस.सी. नर्सिंग चयन परीक्षा (प्री. नर्सिंग सलेक्शन टेस्ट.) आयोजित की जावेगी। मंडल द्वारा इस परीक्षा के आधार पर प्रावीण्य सूचियां श्रेणीवार उपलब्ध करायी जावेगी।

नोट– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग का कोई उम्मीदवार जिसका नाम अपने आरक्षित प्रवर्ग की योग्यता (मेरिट)/प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित होने के आंतरिक अनारक्षित प्रवर्ग की योग्यता (मेरिट)/प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित हैं, तो ऐसी स्थिति में उम्मीदवार को काउंसलिंग के दौरान यह विकल्प होगा कि वह सीट आरक्षित श्रेणी का चयन करेगा अथवा अनारक्षित श्रेणी से।

1.4.2 इन चयन परीक्षा के लिये किसी न्यूनतम अर्हकारी अंको का प्रावधान नहीं रखा गया है। प्रवेश हेतु केवल एक प्रश्न–पत्र होगा। कुल अंक भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी में प्राप्त अंको का योग होगा।

टीप– अंग्रेजी भाषा के प्रश्न–पत्र में प्राप्त अंकों को भी जोड़ कर प्रावीण्यता सूची तैयार की जावेगी।

1.4.3 समान कुल प्राप्त अंक प्राप्त परीक्षार्थियों की प्रावीण्यता :– समान कुल अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी की प्रावीण्यता, विषयों की महत्ता के निम्नलिखित क्रम में उनके प्राप्तांकों को आधार बनाकर–निश्चित किया जावेगा। प्रथम–जीवविज्ञान, द्वितीय–रसायन, तृतीय–भौतिकी एवं चतुर्थ–अंग्रेजी।

1.4.4 प्रवेश परीक्षा में उम्मीद्वारों द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर मंडल द्वारा निर्धारित सीटों के मान से श्रेणी अनुसार योग्यताक्रम में सूचियां बनायी जावेंगी।

1.5 प्रवेश हेतु काउंसिलिंग :–

1.5.1 मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते समय अंकसूची में भी उम्मीदवारों के मेरिट क्रम कर वर्गवार (ओपन केटेगरी/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग) उल्लेख किया जावेगा। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें द्वारा प्रवेश हेतु काउंसिलिंग आयोजित की जावेगी एवं मेरिट क्रमानुसार प्रवेश दिया जावेगा।

1.5.2 काउंसिलिंग में उपस्थिति अनिवार्यः–

काउंसिलिंग में जो उम्मीद्वार नियत तिथि को उपस्थित नहीं होंगे उनका कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। उपस्थित होने वाले उम्मीद्वारों को मेरिट क्रमानुसार सीट आवंटित की जावेगी। नियत तिथि को उपस्थित न होने की स्थिति में चयन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

1.5.3 काउंसिलिंग का स्थान एवं दिनांक :–

आई.ई.सी. ब्यूरो, 1250 जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर, तुलसी नगर, भोपाल में 120 सीट के लिये आवंटन किया जायेगा। काउंसिलिंग निम्नलिखित दिनांक में आयोजित की जावेगी :–

काउंसिलिंग में उपस्थित होने की दिनांक	कैटेगरी (श्रेणी)	मेरिट क्रमांक (प्रथम चरण)
दिनांक 25.07.2011	ओपन कैटेगरी	01 से 150
दिनांक 25.07.2011	अनुसूचित जाति	01 से 50
दिनांक 25.07.2011	अनुसूचित जनजाति	01 से 50
दिनांक 25.07.2011	अन्य पिछड़ा वर्ग	01 से 40

नोट : सीट पूर्ण होने के पश्चात् काउंसिलिंग के दिनांक 25.7.2011 को उपस्थित होने वाले उम्मीदवार से मेरिट क्रमानुसार प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी। प्रतीक्षा सूची के लिए पृथक से कोई काउंसिलिंग नहीं की जावेगी।

1.5.4 काउंसिलिग के लिये प्रमाण–पत्रों की सूची :–

उम्मीदवारों को काउंसिलिंग में निम्न मूल प्रमाण–पत्र साथ में लाना अनिवार्य है अन्यथा उनको कोई सीट्स आंवटित नहीं की जावेगीः–

1. 10+2 प्रणाली की कक्षा दसवी एवं बारहवीं की अंकसूची (बायोलॉजी, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, साइंस ग्रुप) प्रत्येक की दो–दो सत्यापित एवं मूल अंकसूची।
2. जाति प्रमाण–पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति सत्यापित कराकर साथ में लावें।
3. मूल निवासी प्रमाण–पत्र की मूलप्रति एवं प्रत्येक की दो सत्यापित छायाप्रति।
4. मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया फिटनेस प्रमाण–पत्र। गर्भवती उम्मीदवार को अपात्र (अनफिट) मान्य किया जावेगा।
5. प्री. नर्सिंग सलेक्शन टेस्ट अंकसूची/प्रवेश पत्र मूलतः एवं दो सत्यापित छायाप्रति।

टिप्पणीः–

(i) आरक्षित वर्ग के उम्मीद्वार को स्थायी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही आरक्षित वर्ग में चयन किया जायेगा।

(ii) काउंसिलिंग में आने के पूर्व उम्मीद्वार सुनिश्चित कर लें कि अध्याय–एक में दिये नियमों के अनुसार वे प्रशिक्षणार्थी प्रवेश हेतु पूर्ण रूप से पात्र है अन्यथा काउंसिलिंग में उपस्थित न हों।

(iii) किसी भी उम्मीद्वार द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाने पर उसे प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा।

1.5.5 प्रतीक्षा सूची के उम्मीद्वारों को सीट का आवंटन :–

प्रतीक्षासूची के उम्मीद्वारों को रिक्त सीट्स आवंटित की जावेगी।

1.5.6 यात्रा भत्ता देय नहीं :–

उम्मीद्वारों को परीक्षा एवं काउंसिलिग में उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

1.6 प्रशिक्षण के उपरांत 7 वर्ष की अनिवार्य सेवा :–

सभी चयनित 120 उम्मीदवारों को नर्सिंग कॉलेज में 4 वर्ष के सफल प्रशिक्षण उपरान्त स्टॉफ–नर्स के पद पर म. प्र. में कहीं भी 7 वर्ष की सेवा करना अनिवार्य है, अन्यथा अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण का पूरा व्यय उम्मीदवार से वसूल किया जाएगा। अनुबंध–पत्र समय पर न देने पर प्रवेश निरस्त किया जावेगा एवं छात्रवृत्ति भी नहीं दी जाएगी।

1.7 प्रवेश रद्द करना :–

यदि यह पाया गया कि कोई उम्मीदवार संस्था में झूठी/गलत सूचना देकर, सुसंगत तथ्यों को छुपाकर प्रवेश पा लेने में सफल हो गया है या प्रवेश के पश्चात् किसी भी समय यह पाया गया कि उम्मीदवार को किसी गलती या चूकवश प्रवेश मिल गया है तो उम्मीदवार को दिया गया प्रवेश संस्था द्वारा उसके प्रशिक्षण काल के दौरान तुरंत बिना सूचना के रद्द किया जाएगा। प्रवेश संबंधी किसी भी विवाद में राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा।

1.8 चयन हेतु नीति के निर्धारण एवं नियम के अर्थ लगाने का अधिकार केवल राज्य शासन को :–
उम्मीद्वार के प्रवेश हेतु चयन संबंधी नीतियों के प्रश्न पर निर्णय लेने के लिये राज्य शासन अंतिम प्राधिकारी रहेगा। यदि इन प्रवेश नियमों के अर्थ लगाने (Interpretation) से संबंधित कोई प्रश्न उपस्थित होता है तो राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

1.9 नियमों / प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन का अधिकार :–
राज्य शासन प्रवेश के किसी भी नियम / प्रक्रिया में किसी भी समय संशोधन करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। इस तरह किया गया कोई भी संशोधन बंधनकारी होगा।

1.10 प्रशिक्षण अवधि में पालन की जाने वाली अनिवार्य शर्तें एवं नियम :–
बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण में प्रवेश के उपरान्त परीक्षार्थी को जिन नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा वे नियम परिशिष्ट–'ब' में दिये गये हैं।

1.11 प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरान्त स्टॉफ नर्स के पद पर नियुक्ति एवं पद का वेतनमान :–
बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने के फलस्वरूप रूपये 5200–20200+2400 (शासन द्वारा समय–समय पर परिवर्तित वेतनमान) में स्टाफ नर्स के पद रिक्त होने पर प्रदेश में कही भी नियुक्ति प्रदान की जावेगी। प्रशिक्षण से संबंधित शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) के ज्ञाप क्रमांक एफ. 7–26 / 93 / 1 / आर. प्रा., दिनांक 8 मार्च 1994 के अनुसार परिशिष्ट –'द' (11) में खुली प्रतियोगिता के द्वारा प्रादेशिक आधार पर भरे जाने वाले पदो के लिये माडल रोस्टर के अनुसार उपलब्ध 120 सीटों का केन्द्रवार विवरण निम्नानुसार रहेगा:–

नोट :– आवंटन के पश्चात् कॉलेज परिवर्तन नहीं किया जावेगा।

परिशिष्ट –अ

क्रं.	कॉलेज का नाम	कुल स्थान	अनारक्षित	अनुसूचित जाति (16%)	अनुसूचित जन जाति (20%)	अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) (14%)
1.	कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जबलपुर	60	30	10	12	8
2.	कॉलेज ऑफ नर्सिंग, उज्जैन	60	30	10	12	8
योग		120	60	20	24	16

नोट :– बी.एससी. नर्सिंग में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता जी.एन.टी. के समान होने के कारण सिलेबस जी.एन.टी.एस.टी. का ही रहेगा। जी.एन.एम. एवं पूर्व में संपादित पी.एन.एस.टी. का `लससंइने संलग्न है।

परिशिष्ट –'ब'

बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु नियम एवं शर्ते

1. बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण की अवधि 4 वर्ष की होगी।

2. प्रशिक्षण अवधि में छात्रावास में निवास करना व छात्रावास के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

3. प्रशिक्षण अवधि में विवाह व गर्भधारण करना प्रशिक्षण हेतु अयोग्यता मानी जायेगी।

4. प्रत्येक वर्ष के पश्चात् केवल एक माह का ही अवकाश मिलेगा एवं प्रति वर्ष 10 दिवस का मेडिकल अवकाश मिलेगा। आई.एन.सी. के मापदण्ड अनुरूप पाठ्यक्रम एवं परीक्षा के नियम का पालन करना होगा।

5. प्रशिक्षणार्थी को ड्यूटी के समय संचालनालय के परिपत्र क्रमांक 9/नर्सिंग/प्रशि.–3/94/1588/1601, दिनांक 7–5–1994 के अनुसार संशोधित गणवेश पहनना अनिवार्य होगा।

6. छात्राओं को कार्य (ड्यूटी समय) पर होते हुए रिश्तेदारों से मिलने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

7. ड्यूटी में अवकाश के समय छात्राओं को अकारण चिकित्सालय में घूमने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

8. छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को मेस में भोजन करना अनिवार्य है।

9. छात्राओं को प्रशिक्षण अवधि में उनके माता–पिता अभिभावक द्वारा भर्ती के समय लिखित में अधिकृत किये गये व्यक्तियों से ही मिलने की अनुमति दी जावेगी।

10. प्रत्येक सप्ताह में एक दिन के लिये व्यवस्था और बड़े त्यौहारों पर अपने अभिभावक के पास जोन की अनुमति दी जा सकेगी। परन्तु यह व्यवस्था प्रभारी, प्रशिक्षण केन्द्र प्रशिक्षणार्थी की धार्मिक भावनाओं के परिप्रेक्ष्य में, क्लास एवं क्लीनिकल फील्ड अनुभव में बाधक न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए आंतरिक व्यवस्था की दृष्टि से करेंगे एवं प्रशिक्षणार्थियों को इसका पालन करना होगा।

11. छात्राओं को आवंटित पास के दिन बाहर जाने पर पुनः संध्याकालीन रोलकाल के समय छात्रावास में रहना अनिवार्य होगा।

12. छात्राओं को बाहर आने–जाने पर अपना नाम एवं पता अपने जाने का समय रजिस्टर में अंकित करना तथा हस्ताक्षर कराना अनिवार्य है।

13. उपरोक्त निर्देशों/शर्तों का कड़ाई से पालन ना करने पर एवं प्राचार्य की शिकायत के आधार पर छात्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा।

14. उपरोक्त नियमों के अलावा प्रभारी प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा प्रशासकीय दृष्टि से बनाये गये नियमों का पालन करना भी छात्राओं के लिये अनिवार्य होगा।

15. छात्राओं द्वारा रू. 2 लाख का अनुबंध (बाण्ड) भरना अनिवार्य है। (शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित के अनुसार अनुबंध (बाण्ड) भरना होगा।)

आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

अध्याय–1(ब)

GNTST - 2011

;GENERAL NURSING TRAINING SELECTION TEST)
जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण चयन परीक्षा (केवल लड़कियों के लिये)

(स्टॉफ नर्स के पद पर नियुक्ति के लिये)

मध्यप्रदेश शासन

चयन नियम

RULES FOR SELECTION

RULES FOR ADMISSION TO GENERAL NURSING TRAINING
IN SELECTED TRAINING CENTRES
(FOR APPOINTMENT AGAINST THE POST OF STAFF NURSES)

2011

Made and Issued by

DIRECTORATE OF HEALTH SERVICES
GOVT. OF MADHYA PRADESH, BHOPAL

अध्याय–1(ब)

जी.एन.टी.एस.टी. – 2011
जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण हेतु चयन के लिए नियम 2011

1.1 सामान्य :

1.1.1 ये नियम राज्य के शासकीय अस्पतालों के जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण हेतु चयन के लिये कहलायेंगे।

1.1.2 ये नियम उन उम्मीदवारों पर लागू होंगे जो मध्यप्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में स्थित जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश चाहते हैं।

1.1.3 परिभाषाएं :

इन नियमों में –

1. श्रेणी से तात्पर्य है 3 श्रेणियों के उम्मीदवार यथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ी जाति जिनके लिये सीटें प्रचलित नियमों के अन्तर्गत आरक्षित की गयी हैं।
2. राज्य शासन से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन।
3. टेस्ट से तात्पर्य General Nursing Training Selection Test (GNTST) जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण चयन परीक्षा।
4. आयुक्त/संचालक से तात्पर्य है आयुक्त/संचालक (नर्सिंग) तथा उप–संचालक से तात्पर्य है उप–संचालक (नर्सिंग), स्वास्थ्य संचालनालय।

1.2 सीटों का आरक्षण :

जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ी जाति (क्रीमीलेयर को छोड़कर) श्रेणियों के लिये क्रमशः प्रवेश क्षमता का 16%, 20% तथा 14% सीटों का आरक्षण किया गया है तथा ऐसी आरक्षित सीटों का ब्यौरा परिशिष्ट –''अ''– में दिया गया है।

टिप्पणी :–

(अ) विभिन्न आरक्षित श्रेणियों में से उम्मीदवार केवल एक ही श्रेणी में आरक्षण का दावा कर सकता है।

(ब) जिस आरक्षित श्रेणी में प्रवेश हेतु दावा किया जा रहा है, उम्मीदवार को उससे संबंधित प्रमाण–पत्र इस परीक्षा की नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में ही काउन्सलिंग के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नोट :– प्रवेश हेतु नियम पुस्तिका में जहाँ–जहाँ प्रमाण–पत्रों के प्रारूपों का उल्लेख किया गया है, ये सभी प्रारूप नियम पुस्तिका के अंत में (अध्याय–3) देखें।

1.2.1 मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति (एस.सी.) तथा अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) श्रेणी – ऐसा उम्मीदवार जो मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति में या अनुसूचित जनजाति श्रेणी में होने का दावा करता है, उसे प्रवेश के आवंटित केन्द्र में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगे :–

(अ) सक्षम अधिकारी के नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में प्रमाण–पत्र।

(ब) इसी नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में उम्मीदवार अपने पिता का नाम और यदि पिता जीवित न हो तो माता कानाम, यदि माता–पिता दोनों न हो तब वैध अभिभावक का नाम का शपथ–पत्र।

(स) विवाहित लड़की के संबंध में यह शपथ–पत्र उसके पति द्वारा प्रस्तुत किया जाना होगा।

(द) यदि ऐसा शपथ–पत्र किसी भी प्रकार से झूठा या गलत पाया गया तो उम्मीदवार का प्रवेश संबंधी दावा अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं यदि उसमें प्रवेश पा लिया है तो उसे निरस्त कर दिया जावेगा।

1.2.2 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी क्रीमीलेयर को छोड़कर – ऐसा उम्मीदवार जो मध्यप्रदेश की अन्य पिछड़ी जाति क्रीमीलेयर को छोड़कर श्रेणी में होने का दावा करता है उसे प्रवेश के समय सक्षम अधिकारी द्वारा नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

1.3 प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें :–

1.3.1 अधिवासी संबंधी आवश्यकताएँ :–

प्रवेश हेतु चयन के लिये केवल ऐसे उम्मीदवार की पात्रता होगीः–

1. जो भारत का नागरिक हो।

2. (क) जिसने जिस वर्ष प्रवेश चाहा है उसके ठीक 5 वर्ष की अवधि में मध्यप्रदेश में स्थित शिक्षण संस्था में कम से कम लगातार तीन वर्षों तक अध्ययन किया हो।

अथवा

(ख) जो नीचे दिये गये स्पष्टीकरण 1 के अनुसार मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी हो।

अथवा

(ग) जो निम्नलिखित की पुत्री हो –

1. मध्यप्रदेश शासन के सेवारत अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश शासन की सेवा में होते हुये मृत कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश के संवर्ग में धारित अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी (निर्धारित प्रारूप देखें)।

अथवा

2. केन्द्रीय शासन का ऐसा कर्मचारी जिसमें सशस्त्र सेना के कर्मचारी, भारतीय डाकतार, टेलीफोन तथा रेलवे विभाग के कर्मचारी सम्मिलित है अथवा सार्वजनिक उपक्रम का ऐसा कर्मचारी जो जनवरी 2008 को अथवा उसके पूर्व की तिथि तक मध्यप्रदेश में पदस्थ हो।

3. ऐसा व्यक्ति जो केन्द्रीय शासन अथवा राज्य शासन की किसी योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश में स्थायी रूप से बस गया हो।

स्पष्टीकरणः–1. मध्यप्रदेश का मूल निवासी –उम्मीदवार मध्यप्रदेश का मूल निवासी तभी माना जावेगा जब वह नीचे दी गई दोनों शर्तों 'अ' व 'ब' की पूर्ति करेगा।

अ. वह मध्यप्रदेश में पैदा हुआ हो।

अथवा

उम्मीदवार स्वयं उसके पिता या माता यदि पिता जीवित न हो अथवा यदि माता–पिता दोनों जीवित न हो तो उसका वैध अभिभावक परीक्षा के वर्ष से ठीक पहले कम से कम पांच वर्षों से मध्यप्रदेश में कोई व्यवसाय अथवा व्यापार कर रहा हो अथवा अचल सम्पत्ति रखता हो।

ब. उसने मध्यप्रदेश स्थित किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था में कम से कम तीन वर्ष तक अध्ययन किया जिसमें कक्षा चार से पूर्व शिक्षा सम्मिलित नहीं होगी।

अथवा

उसने मध्यप्रदेश स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था से आठवीं कक्षा अथवा 12वीं प्रणाली की दसवीं बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

टिप्पणी–मध्यप्रदेश का मूल निवासी संबंधी प्रमाण–पत्र प्रपत्र में दिये गये प्रारूप के अनुसार संबंधित जिले के कलेक्टर अथवा कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिऐ। इस प्रमाण–पत्र में संदर्भ क्रमांक जारी करने की तिथि कार्यालय सील तथा जारी करने वाले अधिकारी के नाम व पद का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है। प्रवेश के समय अधिवासी संबंधी प्रमाण–पत्र की दोनों शर्तों 'अ' तथा 'ब' के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे।

स्पष्टीकरण :–2 अभिभावक – किसी भी उम्मीदवार के अभिभावक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संबंधित दंडाधिकारी की राय में उम्मीदवार के पिता और माता की मृत्यु के बाद से आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तक उसका अथवा उनकी अचल संपत्ति का दोनों का वास्तविक संरक्षक हो। अभिभावक होने के संबंध में सक्षम न्यायालय से तदाशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा यदि उम्मीदवार के पिता जीवित न हो परन्तु माता जीवित हो तो माता को ही उम्मीदवार का स्वाभाविक अभिभावक माना जावेगा और अन्य किसी व्यक्ति को अभिभावक के रूप में मान्यता नहीं होगी।

स्पष्टीकरण :–3 दत्तक पुत्री – यदि कोई उम्मीदवार सामान्य अथवा किसी आरक्षित संवर्ग में दत्तक पुत्री के आधार पर प्रवेश चाहे तो उसे दत्तक पुत्री होने के संबंध में समाधानकारक प्रमाण प्रस्तुत करना होगा जो प्रवेश के लिये आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि से कम से कम पाँच वर्ष पूर्व प्रतिपादित वैध दत्तकनामा होगा। दत्तकनामा तब तक मान्य नहीं किया जावेगा जब तक उसकी संपुष्टि विद्यालय/ महाविद्यालय के अभिलेख अथवा गत पांच वर्षों से उम्मीदवार द्वारा उत्तीर्ण किसी परीक्षा के प्रमाण–पत्र से नहीं हो जाती है। इन नियमों के अन्तर्गत प्रवेश की पात्रता के लिये ऊपर वर्णित अभिलेखों में दर्ज उम्मीदवार के केवल पिता का नाम ही मान्य होगा। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की दत्तक उम्मीदवार के मामले में यह आवश्यक होगा कि ऐसी उम्मीद्वार गोद लिये जाने के पूर्व भी क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की ही रही हो। ऐसी उम्मीद्वार जो मूलतः अन्य जाति की हो तथा जिन्हें किन्हीं अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के व्यक्तियों ने गोद ले लिया हो, उन्हें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीद्वार को प्राप्त सुविधा एवं लाभ की पात्रता नहीं होगी।

स्पष्टीकरणः–4 विकलांग उम्मीद्वार के प्रावीण्यता (मैरिट) में आने की स्थिति में विकलांगता के साथ वह उम्मीद्वार स्टाफ–नर्स के पद के कर्तव्यों को निभा सकेगी अथवा नहीं, ऐसा स्टष्ट मत जिला मेडिकल बोर्ड से लिया जाकर प्रकरण पर विचार किया जावेगा।

1.3.2 शैक्षणिक अर्हता :– इन जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में नर्सिंग में प्रवेश हेतु उम्मीद्वार माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की 10+2 की प्रणाली की 12 वीं कक्षा में भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान विषयों को लेकर उत्तीर्ण हो।

नोटः– 11वीं हायर सेकेण्ड्री (पुरानी पद्धति) उत्तीर्ण उम्मीद्वारों को पात्रता नहीं है।

अथवा

मध्यप्रदेश में संचालित मान्यता प्राप्त केन्द्रीय स्कूल में 10+2 की कक्षा भौतिकी, जीवविज्ञान एवं रसायन विषयों में 40% से उत्तीर्ण उम्मीद्वारों को उक्त चयन में प्रवेश हेतु पात्रता होगी।

1.3.2.1 अर्हकारी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे अभ्यार्थियों की पात्रता :– प्रवेश परीक्षा में वे छात्राऐं भी सम्मिलित हो सकती है जो इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की 10+2 पद्धति की 12वीं कक्षा एवं समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हो रही हैं, किन्तु इन छात्रों को अर्हकारी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश की पात्रता सिद्ध करनी होगी। पूरक (सप्लीमेंट्री) आने पर सीट आवंटित नहीं की जावेगी।

1.3.3 आयु सीमा :– 1 जुलाई 2011 तक उम्मीद्वार की न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम आयु 27 वर्ष होनी चाहियें। अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं परित्यक्ता तथा विधवाओं के लिये आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

1.3.4 स्पष्टीकरण :– आयु–सीमा की गणना करते समय उच्चतर माध्यमिक प्रमाण–पत्र या इसकी अंकसूची में जो जन्मतिथि अंकित होगी उसे ही मान्य किया जावेगा। अन्य दस्तावेजों को प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा।

1.4 चयन प्रकियाः–

1.4.1 जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में नर्सिंग के प्रशिक्षण के चयन हेतु म. प्र. व्यवसायिक परीक्षा मंडल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा एक चयन परीक्षा जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण चयन परीक्षा (जी.एन.टी.एन.टी.) आयोजित की जावेगी। मंडल द्वारा इस परीक्षा के आधार पर प्रावीण्य सूचियां श्रेणीवार उपलब्ध करायी जावेगी।

नोटः— आरक्षित श्रेणी के ऐसे उम्मीद्वार जो प्रावीण्यता के आधार पर सामान्य श्रेणी की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करते हैं उन्हें सामान्य श्रेणी की सीटों के विरूद्ध गिना जावेगा, उन्हें सामन्य श्रेणी एवं आरक्षित श्रेणी दोनों में दर्शाया जावेगा। ऐसे उम्मीद्वारों को प्रशिक्षण केन्द्रों का आवंटन संबंधित आरक्षित श्रेणी में उनकी प्रावीण्यता के आधार पर किया जावेगा। ऐसे उम्मीद्वारों को संख्या के बराबर सामान्य श्रेणी के उम्मीद्वारों के लिये उपलब्ध स्थानों को अतिरिक्त रूप से संबंधित आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को मेरिट क्रमानुसार प्रवेश उपलब्ध कराया जावेगा।

1.4.2 इन परीक्षा के लिये किसी न्यूनतम अर्हकारी अंको का प्रावधान नहीं रखा गया है। प्रवेश हेतु केवल एक प्रश्न—पत्र होगा। कुल अंक भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी में प्राप्त अंको का योग होगा।

टीप :— अंग्रेजी विषय मे ंन्यूनतम अंक 25 प्रतिशत अनिवार्य न रखते हुये अंग्रेजी भाषा के प्रश्न—पत्र में प्राप्त अंको को भी जोड़ कर प्रावीण्यता सूची तैयार की जावेगी।

1.4.3 समान कुल प्राप्त अंक प्राप्त परीक्षार्थियों की प्रावीण्यता :— समान कुल अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी की प्रावीण्यता, विषयों की महत्ता के निम्नलिखित क्रम में उनके प्राप्तांकों को आधार बनाकर—निश्चित किया जावेगा। प्रथम—जीवविज्ञान, द्वितीय—रसायन, तृतीय—भौतिकी एवं चतुर्थ—अंग्रेजी।

1.4.4 प्रवेश परीक्षा में उम्मीद्वारों द्वारा अंको के आधार पर मंडल द्वारा निर्धारित सीटों के मान से श्रेणी अनुसार योग्यातक्रम सूचियां बनायी जावेंगी।

1.5 प्रवेश हेतु काउंसिलिंग :—

1.5.1 मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम करते समय अंकसूची में भी उम्मीद्वारों के मेरिट क्रम कर वर्गवार (ओपन केटेगरी/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वग) उल्लेख किया जावेगा। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें द्वारा प्रवेश हेतु काउंसिलिंग आयोजित की जावेगी एवं मेरिट क्रमानुसार प्रवेश दिया जावेगा, काउंसिलिंग का तिथिवार वर्गवार कार्यक्रम नीचे दिया गया है। उम्मीद्वार परीक्षाफल अंकसूची में दर्शाए मेरिट क्रमांक के अनुसार काउंसिलिंग में उपस्थित हो। परीक्षा परिणाम घोषित होने की प्रत्याशा में निम्न तिथियॉ नियत की जाती है। काउंसिलिंग के लिये स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जावेगा।

काउसिंलिंग में उपस्थित होने की दिनांक	केटेगरी (श्रेणी)	मेरिट क्रमांक (प्रथम चरण)
दिनांक 04.07.2011	ओपन केटेगरी	01 से 200
दिनांक 05.07.2011	अनुसूचित जाति	01 से 60
दिनांक 05.07.2011	अनुसूचित जनजाति	01 से 75
दिनांक 05.07.2011	अन्य पिछडावर्ग	01 से 50

प्रतीक्षारत् उम्मीद्वारों की काउंसिलिंग तिथि निम्नानुसार रहेगी	कैटेगरी (श्रेणी)	प्रतिक्षा सूची में मेरिट क्रमांक (द्वितीय चरण)
दिनांक 20.07.2011	ओपन कैटेगरी	01 से 80
दिनांक 21.07.2011	अनुसूचित जाति	01 से 40
दिनांक 21.07.2011	अनुसूचित जनजाति	01 से 40
दिनांक 21.07.2011	अन्य पिछड़ावर्ग	01 से 40

1.5.2 काउंसिलिंग में उपस्थिति अनिवार्यः–
काउंसिलिंग में जो उम्मीद्वार नियत तिथि को उपस्थित नहीं होगे उनका कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। उपस्थित होने वाले उम्मीद्वारों को मेरिट क्रमानुसार सीट आवंटित की जावेगी। प्रथम चरण की काउंसिलिंग दिनांक 04.07.2011 से 05.07.2011 के बाद केवल शेष रही सीटों के विरूद्ध द्वितीय चरण काउसिलिंग में रिक्त सीट्स उपलब्ध होने की स्थिति में आवंटित की जावेगी ।

1.5.3 काउंसिलिंग का स्थान :–
राज्य सूचना शिक्षा संचार, 1250, जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर, तुलसी नगर, भोपाल में नियम 1.5.1 में बताई तिथियों को प्रातः 10.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक काउंसिलिंग आयोजित की जावेगी।

1.5.4 काउंसिलिग के लिये प्रमाण–पत्रों की सूची :– उम्मीद्वारों को काउंसिंलिंग में निम्न प्रमाण–पत्र साथ में लाना अनिवार्य है अन्यथा उनको कोई सीट्स आंवटित नहीं की जावेगीः–

1 10+2 प्रणाली की कक्षा दसवी एवं बारहवीं की अंकसूची (बायोलॉजी, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, साइंस ग्रुप) प्रत्येक की दो–दो सत्यापित एवं मूल अंकसूची।
2. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय की गई जाति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति सत्यापित कराकर साथ में लावें।
3. मूल निवासी प्रमाण–पत्र की मूलप्रति एवं प्रत्येक की दो सत्यापित छायाप्रति।
4. मेडिकल बोर्ड जारी किया गया फिटनेस प्रमाण पत्र ।गर्भवती उम्मीदवार को अपात्र (अनफिट) किया जावेगा।
5. जी.एन.टी.एस.टी. अंकसूची/प्रवेश पत्र मूलतः एवं दो सत्यापित छायाप्रति।

टिप्पणीः–

(i) आरक्षित वर्ग के उम्मीद्वार को स्थायी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही आरक्षित वर्ग में चयन किया जायेगा।
(ii) काउंसिलिंग में आने के पूर्व उम्मीद्वार सुनिश्चित कर लें कि अध्याय–एक में दिये नियमों के अनुसार वे प्रशिक्षार्थी प्रवेश हेतु पूर्ण रूप से पात्र है अन्यथा काउंसिलिंग में उपस्थित न हों।
(iii) किसी भी उम्मीद्वार द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाने पर उसे प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा।

1.5.5 प्रतीक्षा सूची के उम्मीद्वारों को सीट का आवंटन :–
प्रतीक्षासूची के उम्मीद्वारों को रिक्त सीट्स उपलब्ध होने की स्थिति में आवंटित की जावेगी।

1.5.6 यात्रा भत्ता देय नहीं :–
उम्मीद्वारों को परीक्षा एवं काउंसिलिग में उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

1.6 चयनोन्परान्त पी.टी.एस. (प्रिलिमिरी ट्रेनिंग ऑफ स्टूडेन्ट परीक्षा) उत्तीर्ण करना अनिवार्य :
चयनोपरान्त प्रशिक्षण केन्द्रों में 3 माह के प्रशिक्षण के बाद पी.टी.एस. (प्रिलिमिरी ट्रेनिंग ऑफ स्टूडेन्ट परीक्षा) जो कि संबंधित संस्था द्वारा ली जायेगी उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इस परीक्षा में असफल होने पर प्रशिक्षण से निष्कासित कर दिया जावेगा।

1.6.1 प्रशिक्षण के उपरांत 3 वर्ष अनिवार्य सेवाः–
साढे तीन वर्ष के सफल प्रशिखण उपरान्त नर्स के पद पर मध्यप्रदेश में कहीं भी 3 वर्ष की सेवा करना अनिवार्य है, अन्यथा अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण का पूरा व्यय जो छात्रवृत्ति के रूप में देय है उम्मीदवार से वसूल किया जाएगा। अनुबंध–पत्र समय पर देने पर प्रवेश निरस्त किया जावेगा एवं छात्रवृत्ति भी नहीं दी जाएगी।

1.7 प्रवेश रद्द करना :–
यदि यह पाया गया कि कोई उम्मीद्वार संस्था में झूठी/गलत सूचना देकर सुसंगत तथ्यों को छुपाकर प्रवेश पा लेने में सफल हो गया है या प्रवेश के पश्चात् किसी भी प्रमाण–पत्र परीक्षण उपरांत फर्जी पाये जाने की स्थिति में चूकवश प्रवेश मिल गया है तो उम्मीद्वार को दिया गया प्रवेश संस्था द्वारा उसके प्रशिक्षण काल के दौरान तुरंत बिना सूचना के रद्द किया जाएगा। प्रवेश संबंधी किसी भी विवाद में आयुक्त संचालक, चिकित्सा सेवायेंक का निर्णय अंतिम होगा।

1.8 चयन हेतु नीति के निर्धारण एवं नियम के अर्थ लगाने का अधिकार केवल राज्य शासन को :–
उम्मीद्वार के प्रवेश हेतु चयन संबंधी नीतियों के प्रश्न पर निर्णय लेने के लिये राज्य शासन अंतिम प्राधिकारी रहेगा। यदि इन प्रवेश नियमों के अर्थ लगाने (Interpretation) से संबंधित कोई प्रश्न उपस्थित होता है तो राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

1.9 नियमों प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन का अधिकार :–
राज्य शासन प्रवेश के किसी भी नियम/प्रक्रिया में किसी भी समय संशोधन करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। इस तरह किया गया कोई भी संशोधन बंधनकारी होगा।

1.10 प्रशिक्षण अवधि में पालन की जाने वाली अनिवार्य शर्तें एवं नियम :–
जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण में प्रवेश के उपरान्त परीक्षार्थी को जिन नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा वे नियम परिशिष्ट–'ब' में दिये गये हैं।

1.11 प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरान्त स्टॉफ नर्स के पद पर नियुक्ति एवं पद का वेतनमान :–
जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने में के फलस्वरूप इन्हें स्टॉफ नर्स के पद रिक्त होने पर प्रदेश में कहीं भी नियुक्ति प्रदान की जावेगी। प्रशिक्षण से संबंधित शेष शर्तें यथावत् रहेगी। एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3 वर्ष सेवा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बॉण्ड राशि की वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

<u>परिशिष्ट –अ</u>

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) के ज्ञाप क्रमांक एफ. 7–26/93/1/आर. प्रा., दिनांक 8 मार्च 1994 के अनुसार परिशिष्ट–द (11) में खुली प्रतियोगिता के द्वारा प्रादेशिक आधार पर भरे जाने वाले पदो के लिये माडल रोस्टर के अनुसार उपलब्ध 246 सीटों का केन्द्रवार विवरण निम्नानुसार रहेगा:–

क्रं.	प्रशिक्षण केन्द्र का नाम	कुल स्थान	अनारक्षित	अनु.जा.	अनु.ज. जा.	अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर
1	2	3	4	5	6	7
1.	हमीदिया अस्प., भोपाल	35	18	5	7	5
2.	एम.वाय.अस्प., इन्दौर	41	20	7	8	6
3.	जे. ए. अस्प., ग्वालियर	41	20	7	8	6
4.	मेडि. कॉ. अस्प., जबलपुर	47	23	7	10	7
5.	जी. एम. अस्प., रीवा	32	16	5	6	5
6.	जि. चि., छिन्दवाड़ा	10	5	2	2	1
7.	जि. चि., खण्डवा	10	5	2	2	1
8.	जि. चि., सागर	20	10	4	4	2
9.	जि. चि., रतलाम	10	5	2	2	1
योग		246	122	41	49	34

<u>परिशिष्ट –ब</u>

जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु नियम एवं शर्ते

1. जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण की अवधि साढ़े तीन वर्ष की होगी।
2 प्रशिक्षण अवधि में छात्रावास में निवास करना व छात्रावास के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
3. प्रशिक्षण अवधि में विवाह व गर्भधारण करना प्रशिक्षण हेतु अयोग्यता मानी जायेगी।
4. प्रत्येक वर्ष के पश्चात् केवल एक माह का ही अवकाश मिलेगा एवं प्रति वर्ष 10 दिवस का मेडिकल अवकाश मिलेगा।
5. प्रशिक्षणार्थी को ड्यूटी के समय संचालनालय के परिपत्र क्रमांक 9/नर्सिंग/प्रशि.–3/94/1588/1601, दिनांक 7–5–1994 के अनुसार संशोधित गणवेश पहनना अनिवार्य होगा।
6. छात्राओं को कार्य (ड्यूटी समय) पर होते हुए रिश्तेदारों से मिलने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
7. ड्यूटी में अवकाश के समय छात्राओं को अकारण चिकित्सालय में घूमने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
8. छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को मेस में भोजन करना अनिवार्य है।
9. छात्राओं को प्रशिक्षण अवधि में उनके माता–पिता अभिभावक द्वारा भर्ती के समय लिखित में अधिकृत किये गये व्यक्तियों से ही मिलने की अनुमति दी जावेगी।
10 प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर छात्रवृत्ति नहीं दी जायेगी। प्रशिक्षणार्थी को साढ़े तीन वर्ष की अवधि की छात्रवृत्ति देय होगी।
11. प्रत्येक सप्ताह में एक दिन के लिये व्यवस्था और बड़े त्यौहारों पर अपने अभिभावक के पास जोन की अनुमति दी जा सकेगी। परन्तु यह व्यवस्था प्रभारी, प्रशिक्षण केन्द्र प्रशिक्षणार्थी की धार्मिक भावनाओं के परिप्रेक्ष्य में, क्लास एवं क्लीनिकल फील्ड अनुभव में बाधक न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए आंतरिक व्यवस्था की दृष्टि से करेंगे एवं प्रशिक्षणार्थियों को इसका पालन करना होगा।
12. छात्राओं को आवंटित पास के दिन बाहर जाने पर पुनः संध्याकालीन रोल के समय छात्रावास में रहना अनिवार्य होगा।
13. छात्राओं को बाहर आने–जाने पर अपना नाम एवं पता अपने जाने का समय रजिस्टर में अंकित करना तथा हस्ताक्षर कराना अनिवार्य है।
14. छात्राओं का स्थानान्तरण संबंधी कार्यवाही पी.टी.एस. परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरान्त रिक्त सीट्स होने पर किया जावेगा।
15. उपरोक्त निर्देशों/शर्तों का कड़ाई से पालन ना करने पर एवं प्राचार्य की ि शिकायत के आधार पर छात्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा।
16. उपरोक्त नियमों के अलावा प्रभारी प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा प्रशासकीय दृष्टि से बनाये गये नियमों का पालन करनी भी छात्राओं के लिये अनिवार्य होगा।
17. छात्राओं द्वारा 1,00,000/– (एक लाख रूपये) का बॉण्ड भरना अनिवार्य है।

आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

जी.एन.टी.एस.टी. एवं पी.एन.एस.टी. – 2011 (केवल लड़कियों (Females) के लिए)
अध्याय – 2
निर्देश एवं परीक्षा संचालन नियम

महत्वपूर्ण :–

ऑनलाईन आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी का सत्यापन काउंसलिंग/प्रवेश के समय मूल दस्तावेजों के आधार पर संबंधित विभाग/संस्था द्वारा किया जायेगा। अतः बाद में यह पता चलता है कि सफल आवेदिका द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरते समय गलत अथवा असत्य जानकारी अथवा किसी जानकारी को छुपाया है, ऐसी स्थिति में यदि यह पाया गया कि कोई उम्मीदवार झूठी/गलत जानकारी देकर या सुसंगत तथ्यों को छुपा कर प्रवेश पाने में सफल हो गई है या प्रवेश के पश्चात् किसी भी समय यह पाया गया कि आवेदिका को किसी गलती या चूकवश प्रवेश मिल गया है, तो उसे दिया गया प्रवेश संस्था प्रमुख/प्रवेश प्राधिकरण/मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा उसके अध्ययन काल के दौरान तुरंत बिना किसी सूचना के रद्ध किया जा सकेगा।

2.1 ऑनलाईन आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज :–

आवेदिका का फोटोग्राफ व हस्ताक्षर तथा आवेदिका द्वारा यदि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतिस्पर्धा में मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, तो निर्धारित प्रारूप में संचालक, खेल एवं युवक कल्याण से जारी मूल प्रमाण–पत्र की स्कैन की गई हुई प्रति ऑनलाईन आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किया जाना होगा। इसके अतिरिक्त कोई भी दस्तावेज/प्रमाण–पत्र ऑनलाईन आवेदन–पत्र के साथ संलग्न नहीं किया जाना है।

2.2 ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया :–

(1) ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के लिए वेबसाईट www.vyapam.nic.in या www.mponline.gov.in का उपयोग करें।

(2) उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर उपलब्ध ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने संबंधी निर्देशों को भलीभांति पढ़ने के उपरांत ही भरें।

(3) ऑनलाईन आवेदन–पत्र एम.पी. ऑनलाईन के अधिकृत क्योस्क को नकद निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा क्योस्क शुल्क का भुगतान कर भरा जा सकता है। इसके अतिरिक्त स्वयं के स्तर से उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट्स से डेबिट(कोई भी वीजा/मास्टर/मास्टरो कार्ड)/क्रेडिट कार्ड (कोई भी वीजा/मास्टर कार्ड) या नेट बैंकिंग के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान कर ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरा जा सकता है। परीक्षा शुल्क की जानकारी के लिए नियमपुस्तिका का पृष्ठ क्रं. 1 देखें।

(4) शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ऑनलाईन आवेदन–पत्र की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें, ताकि उसमें उल्लेखित आवेदन–पत्र क्रमांक का उपयोग कर मंडल की वेबसाईट के माध्यम से प्रवेश–पत्र प्राप्त किया जा सके।

2.3 आवदेन पत्र के साथ लगाये जाने वाले फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर से संबंधित निर्देशः–

(i) आवदेन पत्र के साथ लगाया जाने वाला फोटोग्राफ रंगीन व साईज 3.5 से.मी. x 4.5 से.मी. का होना चाहिये, जिसकी गुणवत्ता अच्छी एवं पृष्ठभाग (background) सफेद होना चाहिये।

(ii) पोलोराइड (Polaroid) फोटोग्राफ मान्य नहीं होगा ।

(iii) ऑनलाईन आवदेन पत्र के साथ संलग्न किया जाने वाला फोटोग्राफ परीक्षा की तिथि से तीन माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिये तथा फोटोग्राफ पर खिंचवाने की दिनांक व आवेदिका के नाम का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये।

(iv) काले चश्मे के साथ खिंचा हुआ फोटोग्राफ मान्य नहीं किया जायेगा। यदि पढ़ने के लिए चश्मा उपयोग में लाया जाता है, तो चश्मा लगाकर फोटोग्राफ खिंचवाया जाना होगा।

